तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 29 मई 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन एवं ...



14 सुशासन तिहार के औचक संवाद के बाद सीएम ने ...



## खबर संक्षेप



### नौवतपा में झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

दुर्गूकोंदल। दक्षिण पश्चिम मानसून के चलते नवतपा के चौथे दिन दुर्गूकोंदल सहित अंचल में झमाझम बारिश हुई। वहीं दिन का मौसम शुष्क रहा। अचानक 5 बजे बारिश शुरू हुई। वहीं तेज गर्जना के साथ बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गई। अंचल में आगे भी बारिश होने की संभावना है। भारी बारिश का क्षेत्र मुख्य दक्षिण पश्चिम मानसून के आने से बारिश की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उनसे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है, जिसके कारण दबाव बना हुआ है।

### कार की टक्कर से सायकिल सवार की मौत, अपराध दर्ज




कांकेर। बाइपास रोड कांकेर में कार की टक्कर से सायकिल सवार का मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 22 फरवरी को शाम करीबन 5 बजें मृतक श्याम लाल बघेल अपने सायकिल से नवागांव मनकेशरी की ओर अकेले घूमने के लिए गया था। कार क्रमांक सीजी 7 सीक्यू 3765 का चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर पीछे से मृतक के सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक सायकिल सहित रोड में गिर गया। मृतक की मौत वाहन क्रमांक सीजी 7 सीक्यू 3765 के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से होना जाने पर धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सरपंच के प्रयास से खुला ग्राहक सेवा केंद्र

भानुप्रतापपुर। कच्चे में लंबे समय के बाद ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया। केंद्र का विधिवत उद्घाटन सरपंच कांति हिड़को ने किया। सरपंच ने कहा कि कई वर्षों से क्षेत्र के ग्रामीण ग्राहक सेवा केंद्र की मांग कर रहे थे, जिसको ध्यान में रखते हुए यहां पर केंद्र खोला गया है। इसका उद्देश्य ग्रामीण सुदूर क्षेत्र के लोगों को बेहतर बैंकिंग सेवा प्रदान करना है। बैंक कर्मी ने ग्रामीणों को खाता खोलने, जमा करने आदि बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर जितेन्द्र जायसवाल, ज्वाला जैन, सतीश श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

## सुशासन तिहार

### सीएम ने बिन मांगे 3 करोड़ 90 लाख रूपए के चार कार्यों की दी सौगात

# मांदरी में लगी सीएम की चौपाल खाट में बैठकर किया जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**खास बातें**

- महतारी वंदन की राशि से बेटी के सुकन्या खाते में जमा कर रही राशि
- महतारी वंदन से जो वंचित है, उनको भी आने वाले समय में मिलेगा लाभ
- आवास प्लस सर्वे में अब नए लोगों को भी मिलेगा पीएम आवास

मांदरी जिलामुख्यालय से लगा हुआ ग्राम पंचायत है और लगभग पाँच साल पहले नक्सलियों की पहुँच इस गाँव तक थी। दो साल पहले तक उनकी दस्तक की खबरें आती रहती थी। सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार 28 मई को औचक मांदरी पहुँचे। सीएम ने सामने गांव की बैठी महिलाओं से महतारी वंदन से मिल रहे पैसे को कैसे कैसे खर्च करते है, उसका हिसाब भी जानने का प्रयास किया। महिलाओ के चमकते हुए चेहरों ने सीएम को बताया कि एक हजार से बेटी के सुकन्या खाता खोलकर 250 रूपएं जमा करने की बात बताई, उस पर सीएम गदगद हुए। सीएम ने कहा कि महतारी वंदन की राशि से एक ही नहीं, परिवार के कई सदस्य मजबूत हो रहे है।

सुशासन तिहार के तहत हाटकर्रा में सीएम के आने का हल्ला मचा, उस गाँव में भी





तैयारी किया गया था, परंतु अचानक सीएम कांकेर विकासखंड के ग्राम पीढ़ापाल मार्ग पर स्थित ग्राम मांदरी 28 मई को दोपहर 2 बजे के आसपास पहुँचे। उनके साथ सीएम सचिवालय में तैनात सुबोध कुमार सिंह और सीएम के सचिव डॉ. बसवराजू भी पहुँचे। सीएम के मांदरी में आने की खबर कांकेर में सुबह साढ़े नौ बजे आग की तरह फैल गई थी, परंतु कांकेर और कोरर से केवल भाजपा के सीमित पदाधिकारी ही पहुँचे थे। विधायक आशाराम नेताम के नेतृत्व में चौपाल स्थल के बाहर स्वागत किया गया और सीधे चौपाल पहुँचे। प्रमुख सचिव सुबोध सिह ने माईक से आमजनता को बताया कि सुशासन तिहार में सीएम आपके सामने है और आपसे सरकार की योजनाओं पर संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के तहत आज यह 27 वां जिले का दौरा है, जहां योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत से रू-ब-रू होने प्रदेश सरकार आपके गांव आई है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत चयनित क्लस्टर ग्राम पंचायतों में समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों पर निराकरण की कार्यवाही की समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों से जानकारी ली। इस पर ग्राम मांदरी की इतवारी बाई ने बताया, महतारी वंदन के पैसे से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी के सुरक्षित भविष्य के लिए खाता खुलवाया। अन्य घरेलू खर्चों के लिए भी महतारी वंदन योजना से मिली राशि का उपयोग वह करती हैं। एक अन्य हितग्राही महिला ने बताया कि महतारी वंदन योजना के चलते उनकी दैनिक जरूरतें पूरी हो जाती हैं और किसी से कुछ मांगने की जरूरत ही नहीं पड़ती। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुख्यमंत्री ने फीड बैक लिया। उन्होंने बताया कि जिन पात्र ग्रामीणों के नाम शामिल नहीं है, ऐसे छूटे हुए नामों को आवास प्लस प्लस में जोड़ा जा रहा है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि सबके पास खुद का पक्का आवास उपलब्ध हों। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पटवारी, सचिव, शिक्षक के बारे में पूछा, जिस पर ग्रामीणों ने कहा कि सभी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र से मिलेगी बड़ी राहत

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि ग्राम स्तर पर सेवाओं और सुविधाओं का विस्तार करते हुए ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र भी शुरू किए गए हैं। इसके तहत हर ब्लॉक के 10-10 पंचायतों में सेवा शुरू की गई है। ग्रामीणों को अब हर छोटे मोटे काम के लिए ब्लॉक मुख्यालय अथवा बैंक नहीं जाना पड़ेगा। एक साल के अंदर पूरे प्रदेश की पंचायत में यह सुविधा मिलेगी। इसी तरह जमीन की खरीदी-बिक्री के लिए रजिस्ट्री की प्रक्रिया को प्रदेश सरकार द्वारा सुगम एवं सरलीकृत किया गया है, जिससे लोगों को भटकना न पड़े।

### 3.90 करोड़ रूपए के कार्यों की दी सौगात

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर कुल 03 करोड़ 90 लाख रूपए के चार कार्यों की सौगात दी। उन्होंने मांदरी के हाईस्कूल अहाता निर्माण हेतु 20 लाख, आंगनबाड़ी केंद्र भवन में बाउंड्रीवाल के लिए 5 लाख, साल्हेभाट मुख्यमार्ग से 600 मीटर सीसी सड़क निर्माण हेतु 15 लाख की स्वीकृति तथा झूरानाला से खेतों में सिंचाई के लिए नहर सुधार कार्य हेतु 3.50 करोड़ की स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को कृषि आदान सामग्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मनरेगा जॉब कार्ड तथा नवनिर्मित आवास की सांकेतिक चाबी, समाज कल्याण विभाग की ओर से सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसके अलावा जिला प्रशासन की विशेष पहल मावा मोदोल की नवीन पुस्तक नई दिशा का निःशुल्क वितरण उपस्थित विद्यार्थियों को किया गया।

### चौपाल में यह भी रहे उपस्थित

चौपाल में अधिकारियों में बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, डीआईजी कांकेर अमित तुकाराम कांबले, कांकेर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, एसएसपी इंदिरा कल्याण एलिसेला के अलावा जनप्रतिनिधियों में राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, सतीश लाटिया, दिलीप जायसवाल, अनूप सिंह राठौर, राजा पाण्डेय, संजू गोपाल साहू, भाजपा के अन्य पदाधिकारी, ग्राम की सरपंच एवं जनपद सदस्य सहित अन्य अधिकारीगण व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बैठक में पीड़िता से मारपीट तीन महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- गांव की सामाजिक बैठक में हुई घटना



जैसाकर्रा में समाज के लोगो ने गांव में सामाजिक बैठक आयोजित किया गया था, जिसमें गांव की महिलाओं को बुलाया गया था। दूसरी शादी की बात को और सबूत के तौर पर शादी की फोटो दिखाने पर बैठक में उपस्थित अन्य महिलाओं ने पीड़िता के साथ मारपीट करने लगी। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंची बड़ेपारा जैसाकर्रा निवासी 27 वर्षीय देवकी नायक पति महेश कुमार नायक ने पुलिस को बताया कि 26 मई की रात साढ़े 7 बजें बंजारा समाज के द्वारा हमें बैठक में बुलाया गया था, जिसमें बंजारा समाज के लोग उपस्थित थे। समाज के बीच में बताया कि मेरे रहते हुए दुसरी शादी कर लिया है, तो उन लोगों ने कहा कि तुम्हार पास क्या सबूत है। फिर मैने अपने मोबाईल में उन दोनों का फोटो दिखाया। फोटो देखने के बाद कहने लगे कि यह फोटो कहां से मिला, तभी बंजारा समाज की ही महिला जागो नायक, तामेश्वरी चौहान, पुनीता नायक के द्वारा मेरे साथ मारपीट करने लगी, जिससे मेरे हाथ, गला और छाती और पैर में दर्द हो रहा है। मेरे समझ में नहीं आया कि फोटो दिखाने के बाद महिलाएं हमे इंसाफ ▶▶| शेष पेज 12 पर

## जमीनी विवाद को लेकर रिश्तेदारों ने की मारपीट, दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारभाठा में जमीन विवाद के चलते रिश्तेदारों में विवाद हुआ और विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। आरोपी जीजा ने अपनी साली के ऊपर डंडा से हमला कर दिया, जिससे उसे चोट आई। साली की शिकायत पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे 26 वर्षीय श्याम नगर गुरूदारा गली क्रमांक 7 रायपुर निवासी डिकेश्वरी नेताम पिता स्व. फुलसिंग नेताम हाल निवास बरपारा चारभाठा ने पुलिस को बताया कि 27 मई को मै अपनी मां लता नेताम के साथ दोपहर ढाई बजे ग्राम चारभाठा आई थी। मेरी सौतेली बहन धरमणी मंडावी और उसका पति धनाराम मंडावी जमीन संबंधित विवाद को लेकर मुझे और मेरी मां को गाली देने लगे। हम लोग गाली



देने के लिए मना किया, परंतु आक्रोश में आकर गाली देते हुए जान से मारने धमकी दिया। दोनो आरोपी इसके बाद भी नहीं माने और पास में पड़े लकड़ी के डंडे से मेरे कमर पर मारने लगे और कई बार हमला किया।

मेरी सौतेली बहन धरमणी ने मेरी मां को थप्पड़ से मारपीट करने लगी, जैसे तैसे मैने बीच बचाव किया। आरोपी सौतेली बहन और जीजा के द्वारा हम लोगों पर बेवजह हमला बोलकर जमीन को हड़पने की दादागिरी करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। जान से मारने की भी धमकी दिया है। मुझे इन दोनो लोगों से डर बना हुआ है। मेरे साथ ▶▶| शेष पेज 12 पर

## गुलालबोड़ी में अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराया, हुआ क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- हादसे में बाल-बाल बचा ड्राइवर

दुर्गूकोंदल से दमकसा मार्ग पर गुलालबोडी गांव के पास सड़क किनारे खड़े पेड़ से ट्रक टकरा गई। ट्रक के पेड़ से टकराने पर ट्रक सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं चालक बाल बाल बच गया।

लोक निर्माण विभाग के द्वारा दुर्गूकोंदल से दमकसा मार्ग का निर्माण किया, परंतु सड़क की सीमा में आने वाले पेड़ को हटाए बिना विभाग ने सड़क बनवा दिया। सड़क की सीमा में पेड़ लगे होने के कारण वाहनों का इस मार्ग में एक्सीडेंट होना आमबात है। दमकसा से दुर्गूकोंदल मार्ग सड़क के किनारे लगे पेड़ों को देखने से ऐसा लगता है






### जिम्मेदार मौन

इन पेड़ो के बारे में कई बार जिम्मेदार अफसरों के संज्ञान में लाया जा चुका है, इसके बावजूद भी जिम्मेदार अफसर गंभीर नजर नहीं आ रहे है। अफसरों ने गंभीरता नहीं दिखाई और सड़क के मध्य के पेड़ को नहीं हटाया और कोई हादसा होता है, हादसे का जिम्मेदार विभाग के अफसरों को मानते हुए सीधे उनके नाम से एफआईआर दर्ज कराया जा सकता है। ट्रक मालिक संबंधित थाना में पहुँचकर विभाग के अफसरों के खिलाफ एफआईआर लिखाएं, तभी इस समस्या का निराकरण हो सकता है, अन्यथा ऐसा चलता रहेगा और दुर्घटनाएं होती रहेंगी।

कि जैसे कोई पेड़ के ऊपर सड़क बना दिया है या फिर सड़क के उपर पेड़ लगा दिया हो। ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर लगे पेड़ पर टकराई यहां घटना पहली बार की घटना नहीं है, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पत्थर से वार कर की हत्या, मामला दर्ज

कांकेर। पत्थर से सिर पर हमला करके हत्या करने वाले आरोपी आतुरबेड़ा निवासी रमेश नुरेटी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी रमेश नुरेटी ने 30 वर्षीय गाण्डों राम दुग्गा को 27 मई को अपने घर में आपत्तीजनक स्थिति में देखा। आवेश में आकर पत्थर से उसके सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

## मांदरी आंगनबाड़ी केंद्र का सीएम ने किया निरीक्षण

कांकेर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने एक दिवसीय कांकेर प्रवास के दौरान ग्राम मांदरी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से ईसीसी गतिविधि का संज्ञान लेकर बच्चों से अक्षर ज्ञान की जानकारी ली और बच्चों ने मुख्यमंत्री को कविता सुनाई, जिससे खुश होकर बच्चों को चॉकलेट वितरित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं और भोजन व्यवस्था का संज्ञान लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसव राजू एस, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसिला सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## सूने घर में दिनदहाड़े चोरी 40 हजार के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




- पुलिस कर रही है मामले की जांच

पीव्ही 18 मायापुर में सूने घर में दिनदहाड़े धावा बोलते हुए चोरो आलमारी में रखे लगभग 40 हजार के सोने के जेवरात को पार कर दिया। घर मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुँचकर चोरो की घटना के तरीके का अध्ययन किया और मामला दर्ज करते हुए चोरो की तलाश में जुट गई।

पखांजुर तहसील के अंतर्गत गोण्डाहुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 18 मायापुर निवासी 50 वर्षीय संजीव भवाल पिता स्व. नंदलाल भवाल ने पुलिस को बताया कि 22 मई को अपने निजी काम के लिए पखांजुर तहसील कार्यालय गया था। मेरी पत्नी अंजली भवाल मक्का खेत गई थी और मेरी बेटी गांव के दूसरे घर मे बैठने गई थी। घर के दरवाजा में ताला लगा हुआ था। घर को सुना पाकर चोरो ने ताला तोड़कर घर के अंदर घुस गए और घर के अंदर आलमारी मे रखे सोने का दो मंगलसूत्र, एक टाप्स कीमत जुमला लगभग 40 हजार रूपएं एवं 700 रूपएं नगदी चोरी कर ले गए। हम लोग जब घर वापिस आएं, तब सामान बिखरा पड़ा हुआ था। जाँच करने पर चोरी करना पए जाने पर घटना की जानकारी गोंडाहुर पुलिस को दिया गया। पुलिस मौके पर पहुँचकर चोरी की घटना का निरीक्षण किया और मौके पर कई सबूत को भी एकत्र किया। चोरों की चोरी करने का तरीका को भी पुलिस ने समझा।

घर मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### दो दिवसीय कांकेर प्रवास के दौरान राज्यपाल पहुंचे जंगलवार कॉलेज

# राज्यपाल ने गुरिल्ला युद्ध का देखा डेमो, हुए गदगद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्यपाल रमेन डेका जिले के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन 28 मई को कांकेर के सिंगारभाट स्थित काउंटर टेरेरिज्म एंड जंगलवार फेयर कॉलेज में पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियों की जानकारी लिया। इस दौरान गुरिल्ला युद्ध का लाइव डेमो देखा। जवानों के डेमों को देखकर राज्यपाल ने जवानों का उत्साहवर्धन किया।

जंगलवार फेयर कॉलेज में पीपीटी के माध्यम से जवानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। राज्यपाल ने इसके





बाद महाविद्यालय में स्थित म्यूजियम में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख माओवादी घटनाक्रम से अवगत हुए। इसके अलावा राज्यपाल ने जंगलवार कॉलेज का भ्रमण कर विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों में प्रशिक्षार्थियों के द्वारा अभ्यास का डेमो देखा। राज्यपाल को जंगलवार महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भी प्रदाय किया गया। इस अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम, राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, एडीसी निशांत कुमार, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. के. एलेसिला सहित पुलिस विभाग के आला अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### राज्यपाल ने कृषि विज्ञान केंद्र में गौशाला का किया लोकार्पण



कांकेर। राज्यपाल रमेन डेका 28 मई को कांकेर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में गौशाला का लोकार्पण किया और महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से आए स्व-सहायता समूह के महिलाओं ने अपने समूह के कार्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने महिला समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में महिलाएं अच्छा कार्य कर रही हैं। इसी तरह मेहनत से कार्य करें और आगे बढ़ें। उन्होंने बकरी पालन को लाभकारी बताते हुए इस कार्य को बढ़ावा देने की बात कही। इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल, केवीके के जिला समन्वयक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### माहवारी स्वच्छता दिवस पर किशोरियों ने ली शपथ

**जगदलपुर।** माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर संस्था चेतना द्वारा नगरनार में एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र की किशोर बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माहवारी से जुड़ी झिझक को दूर करना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना था। सत्र के अंत में सभी बालिकाओं ने हाथों में सेनेटरी पैड लेकर यह सामूहिक शपथ ली, अब हम कपड़े की जगह सेनेटरी पैड का उपयोग करेंगे और माहवारी के समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखेंगे। बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले उन्हें जानकारी और साधनों की कमी के कारण कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

### बस्तर में सक्रिय सभी शीर्ष नक्सलियों का लोकेशन पुलिस रडार में

**जगदलपुर।** नक्सल चीफ बसवराजु के अबूझमाड़ मुठभेड़ में मारे जाने के बाद स्थानीय कैडरों द्वारा लगातार समर्पण किया जा रहा है। वहीं बचे हुए नक्सलियों पर पुलिस नजर रखी हुई है, जिन्हे जल्द ही टारगेट किया जाएगा। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने शौर्य भवन में पत्रकारों से चर्चा में बताया कि सीसी मेंबर हो या स्थानीय कैडर, जान बचानी हो तो समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो जाए या मरने के लिए तैयार रहे। इसके अलावा इनके पास और कोई चारा नहीं है। आईजी ने संगठन के बचे हुए नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सोनू, हिडमा, सुजाता, के रामचंद्र रेड्डी, बारसा देवा हो या अन्य कोई कमेटी मेंबर हो या स्थानीय कैडर अगर अपनी जान बचाना चाहते हैं।

# झीरम घाटी के शहीदों को कोण्डागांव में भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

झीरम घाटी नक्सली हमले की 12वीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी कोण्डागांव द्वारा एक भव्य एवं गरिमामयी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहीद नेताओं और सुरक्षाकर्मियों को कृतज्ञतापूर्वक याद करने और समाज को नक्सलवाद के विरुद्ध एकजुट होने का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा कार्यालय अटल सदन से हुई, जहाँ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नगर के गणमान्य नागरिक एकत्रित हुए। वहां से सभी ने भारत माता चौक तक पदयात्र की, जहाँ शहीदों के चित्रें पर माल्यार्पण कर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## लोकतंत्र पर हुए इस हमले को भाजपा ने बताया काला धब्बा



### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ–साथ जनप्रतिनिधि और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से मनोज जैन, जसकेतु उसेंडी, दयाराम पटेल, जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, अश्वनी पांडे, लक्ष्मी ध्रुव, ईना श्रीवास्तव, प्रतोष त्रिपाठी, बंटी नाग, प्रदीप साहू, सारंगधर कौशिक, प्रदीप सागर, अशोक ब्रम्ह, संजय मोदी, अमिताभ बोस, अविनाश सोरी, ललित देवांगन, नानू सेन, सोनमणि पोयाम, सती बघेल, सुषमा खोपरागडे, रामेश्वरी पोयाम समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जाएगा, और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।*

### लोकतंत्र पर किया गहरा आघात

25 मई 2013 का दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे काला दिन था। झीरम घाटी में हुआ यह हमला केवल कुछ व्यक्तियों पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर एक गहरा प्रहार था। हमारे कई वरिष्ठ नेता और सुरक्षाकर्मी उस दिन वीरगति को प्राप्त हुए। उनका बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। समाज को नक्सलवाद के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ना होगा।

## बस्तर अंचल के लिए टेक्नोलॉजी आधारित नवाचार : मंत्री केदार कश्यप

# कोंडागांव में पंजीयन की 10 क्रांति से रजिस्ट्री प्रक्रिया में आया डिजिटल बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने पंजीयन की 10 क्रांति के अंतर्गत रजिस्ट्री प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी आधारित दस नवाचारों को बस्तर जैसे अंचल के लिए क्रांतिकारी बताया। उन्होंने बुधवार को जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है, जिसमें हमें आधुनिक तौर–तरीकों से सुसज्जित रहना है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रजिस्ट्री कार्य को डिजिटाइजेशन के माध्यम से आधुनिक रूप दिया है, जिससे शासकीय कामकाज में पारदर्शिता आ रही है।

■ ग्रामीणों तक डिजिटल पंजीयन सुविधा पहुंचाने पर दिया जोर

मंत्री श्री कश्यप ने इस अवसर पर इन 10 नए बदलावों के बारे में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने का आग्रह किया, ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें।



### 10 नवाचारों की मुख्य बातें

*आधार आधारित प्रमाणीकरण क्रेता–विक्रेता और गवाहों की पहचान आधार के माध्यम से होगी, जिससे फर्जीवाड़ा रुकेगा। ऑनलाइन सर्च और डाउनलोड खसरा नंबर डालते ही पूर्व के सभी लेनदेन की जानकारी एक क्लिक पर मिलेगी। भार मुक्त प्रमाण पत्र ऑनलाइन यह आवश्यक प्रमाणपत्र अब ऑनलाइन उपलब्ध होगा।*

उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा को बधाई दी। स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने भी पंजीयन के क्षेत्र में इस नई क्रांति को महत्वपूर्ण बताया और इसकी जानकारी सभी तक पहुंचने की आवश्यकता पर बल दिया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि राज्य शासन की इस पहल का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है, जिससे जिले के नागरिक पंजीयन संबंधी सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

एकीकृत कैशलेस सिस्टमरू स्टाम्प और पंजीयन शुल्क का भुगतान क्रेडिटध्डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई से एक साथ होगा। व्हाट्सएप अपडेट और अलर्ट अपॉइंटमेंट से लेकर रजिस्ट्री पूर्ण होने तक सभी अपडेट व्हाट्सएप पर मिलेंगे, रजिस्ट्री की प्रति भी व्हाट्सएप से डाउनलोड होगी। डिजिलॉकर में सुरक्षित दस्तावेज रजिस्ट्री दस्तावेज डिजिलॉकर में सुरक्षित रहेंगे, आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध होंगे। पेपरलेस रजिस्ट्री ऑनलाइन दस्तावेज प्रारूप चयन कर स्वतः दस्तावेज तैयार होगा और उप पंजीयक को ऑनलाइन प्रस्तुत होगा। डिजिटल स्टाम्प भुगतान शपथ पत्र जैसे दस्तावेजों का प्रारूप ऑनलाइन तैयार कर डिजिटल रूप से स्टाम्प शुल्क चुकाया जा सकेगा। घर बैठे पंजीयन ऑनलाइन फीस चुकाकर और अपॉइंटमेंट लेकर घर बैठे आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पंजीयन कराया जा सकेगा। स्वतः नामांतरण पंजीयन के तुरंत बाद संपत्ति का स्वतः नामांतरण हो जाएगा, जिससे समय बचेगा और फर्जीवाड़ा रुकेगा।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, जिला पंजीयक सत्या कश्यप सहित जिले के गणमान्य नागरिक और पत्रकार उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में अहम बदलाव

## अब तीन बार पंजीयन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन के आदिवासी विकास विभाग ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब नवीन पंजीयन और नवीनीकरण वर्ष में तीन बार किए जा सकेंगे। इसकी अंतिम तिथियां 31 मई, 31 अगस्त और 30 नवंबर निर्धारित की गई हैं। यह व्यवस्था उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से राहत भरी है, जिनका विभिन्न कॉलेजों या संस्थानों में प्रवेश देर से होता है। यदि निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूरी नहीं होती है, तो संबंधित संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। यह योजना शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक और आईटीआई जैसे संस्थानों में पढऋने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए है। 10वीं के बाद की सभी प्रकार की पढ़ाई, चाहे वह 11वीं–12वीं हो, डिग्री या डिप्लोमा कोर्स हो, या फिर आईटीआई, पॉलीटेक्निक, पोस्ट मैट्रिक शिक्षा कहलाती है। इस योजना के तहत छात्रें को उनकी शैक्षणिक जरूरतों को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। विद्यार्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

■ नई तिथियों के साथ छात्रों को मिलेगा देर से दाखिले का लाभ, कॉलेज प्रमुख होंगे जवाबदेह

### पात्र छात्रों को एनएसपी पोर्टल से एक बार पंजीयन करना अनिवार्य

*योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पालकों की सालाना आय 2.5 लाख रुपये तक और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पालकों की सालाना आय 1 लाख रुपये तक होनी चाहिए। आवेदन के लिए स्थायी जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र छत्तीसगढ और पिछली कक्षा के रिजल्ट की प्रति आवश्यक है। छात्रवृत्ति की राशि पीएफएमएस के माध्यम से आधार लिंक्ड बैंक खाते में भेजी जाएगी। 2025–26 में सभी पात्र छात्रें को एनएसपी पोर्टल से एक बार पंजीयन करना अनिवार्य है। नई संस्था के संस्था प्रमुख और छात्रवृत्ति प्रभारी का बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन भी अनिवार्य है।*

# बुद्ध शांति पार्क स्थापना कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव/फरसगांव

जिले के भोंगापाल में आगामी एक जून को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बुद्ध शांति पार्क की स्थापना कार्यक्रम में शामिल होना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री श्री साय के प्रवास को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

■ भोंगापाल में एक जून को सीएम करेंगे बुद्ध शांति पार्क का लोकार्पण

कलेक्टर ने स्थल पर मंच व्यवस्था, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा इंतजाम, पेयजल आपूर्ति तथा साफ–सफाई की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा कि कार्यक्रम के दौरान आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पेयजल की समुचित व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट्स, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और पार्किंग व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा के चाक–चौबंद इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत की जाएगी।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, केशकाल की वन मण्डलाधिकारी श्रीमती दिव्या गौतम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अश्वन पुसाम, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# योग अनमोल विद्या के साथ स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है : रूप नारायण सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा ने अपने कोंडागांव प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में मीडिया से चर्चा करते हुए योग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि योग केवल आसन नहीं, बल्कि यह एक सम्यक जीवन पद्धति है। यह प्रकृति से जुड़ा एक साधन है जो स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। राशन, आसन, भाषण और शासन को अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यदि मनुष्य का शरीर स्वस्थ है, तभी वह समाज और धर्म की सेवा कर सकता है।

■ कोंडागांव में छत्तीसगढ योग आयोग अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा का प्रवास



### योग आयोग की कार्ययोजना

श्री सिन्हा ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ योग आयोग अब योग को केवल शहरी क्षेत्रें तक सीमित नहीं रखेगा, बल्कि इसे ग्राम पंचायतों तक विस्तारित किया जाएगा। इसके लिए शासकीय छात्रवासों, महाविद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित योग ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं।

### प्रमुख योजनाओं में शामिल

योग दर्शन कार्यक्रम, योग जागरूकता अभियान, विचार गोष्ठियां व प्रशिक्षण सत्र प्रशिक्षण के पश्चात फीडबैक व दैनिक दिनचर्या पर संवाद, वनांचल क्षेत्रें में जनजातीय समुदाय को योग से जोड़ने की योजना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु साय की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार योग के माध्यम से स्वस्थ समाज निर्माण की दिशा में सतत प्रयास कर रही है।

**ये रहे शामिलः** इस अवसर पर योग एवं सामाजिक क्षेत्र के अनेक प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित थे, जिनमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज जैन, ओम प्रकाश टावरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, दयाराम पटेल, ईना श्रीवास्तव, जितेंद्र सुराना, अश्वनी पांडे, प्रतोष त्रिपाठी, भारत जैन, प्रदीप सागर, कांति पटेल, चंदन पाणिग्रही, किशोर सोनी तथा पतंजलि व आर्ट ऑफ लिविंग के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## तैराकी का प्रशिक्षण ले रहे बच्चे



**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 14 मई से 5 जून के मध्य ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में कोण्डागांव के बच्चे तैराकी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। ऑडिटोरियम के पास स्थित स्वीमिंग पूल में सुबह 7 से 8 बजे बालिकाएं एवं शाम 4–5 बालकों को प्रशिक्षको द्वारा तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर निकली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर बुधवार की सुबह जागरूकता रैली के माध्यम से समाज को माहवारी के प्रति जागरूक किया गया एवं शाम को भी विभिन्न आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट से सराहा भी गया। सुबह रैली का उदघाटन बस्तर सांसद महेश कश्यप, सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक और बस्तर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने किया। साथ ही एसपी शलभ सिन्हा, सीएसपी आकाश श्रीश्रीमल, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, डीपीओ हेमंत कुमार साहू, डीपीएम डॉ. रीना लक्ष्मी, बृजेश भदौरिया, शक्ति सिंह चौहान, धर्मचंद, संग्राम सिंह राणा, मनीष मूलचंदानी, श्रीमती त्रिवेणी रणधारी, श्रीमती बालमती कश्यप, श्रीमती ममता राणा, विधु झा और समाज सभी सदस्य रैली में मौजूद रहे। साथ ही सभी छात्राओं का और मातृशक्तियों का मनोबल उनके साथ रैली में चलते हुए बढ़ाया। रैली में विभिन्न नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक द्वारा मेंश्युरल हाइजीन को भी दर्शाया, जिसमें विशेष रूप से विद्या पीठ, जगदलपुर नर्सिंग कॉलेज, क्राइस्ट कॉलेज, बोधनी कॉलेज, जगदलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्राओं के सहयोग से पूरे समाज को माहवारी पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

## अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर कोंडागांव में हुआ जल संरक्षण के लिए श्रमदान

# कोंडागांव में मनाया गया अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्म महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती के अवसर पर कोंडागांव में जल संरक्षण के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल देखने को मिली। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर मसौरा डेम में सामूहिक श्रमदान किया गया।

■ लता उसेंडी के नेतृत्व में जल संरक्षण के लिए हुआ श्रमदान

इस पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व किया भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव की लोकप्रिय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने जिनकी सक्रिय भूमिका और प्रेरणादायी संबोधन ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया।



### जल संरचना से समाज संगठन

कोंडागांव में लता उसेंडी के नेतृत्व में संपन्न हुआ यह जल संरक्षण श्रमदान न केवल लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को समर्पित श्रद्धांजलि था, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल–संरक्षण का प्रेरक संदेश भी था। यह कार्यक्रम यह साबित करता है कि जनप्रतिनिधियों के सक्रिय मार्गदर्शन में जब समाज एकजुट होता है, तो पर्यावरणीय एवं सामाजिक सरोकारों को एक नई दिशा दी जा सकती है।

### अहिल्याबाई होलकर के जीवन आदर्शों को किया याद

इस अवसर पर सुश्री लता उसेंडी ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन आदर्शों को याद करते हुए कहा, अहिल्याबाई होलकर का जीवन समाज सेवा, न्यायप्रियता और लोककल्याण के लिए समर्पित रहा है। उनकी 300वीं जयंती पर हम जल जैसे अमूल्य संसाधन के संरक्षण के लिए श्रमदान करके उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि जल संरक्षण को केवल एक दिन की गतिविधि न मानें, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।

### कार्यक्रम के मुख्य बिंदु

मसौरा डेम कोंडागांव में जल संरक्षण एवं सामुदायिक भागीदारी के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी, जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, सैकड़ों ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों की विशिष्ट उपस्थिति रही, कार्यक्रम के दौरान सभी ने डेम क्षेत्र में सफाई की, झाड़ियों की कटाई की, जल प्रवाह में रुकावट पैदा कर रही रुकावटों को हटाया और जल संचयन की दिशा में प्रयास किए। यह श्रमदान केवल एक पर्यावरणीय प्रयास नहीं था, बल्कि यह समाज में जल संरक्षण के प्रति चेतना और भागीदारी की भावना को पुष्ट करने वाला संदेश भी था। लता उसेंडी ने कहा कि यह पहल केवल कोंडागांव तक सीमित न रहकर पूरे छत्तीसगढ़ और देश भर में जल संरक्षण के लिए जनांदोलन के रूप में उभरनी चाहिए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने–अपने क्षेत्रें में ऐसे प्रयासों को बढ़ावा दें। इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने पूरे मनोयोग से श्रमदान किया, जिससे यह आयोजन जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया।

## पेज 11 के शेष

### मांदरी में लगी...

नियमित रूप से सेवाएं दे रहे हैं। अपने उद्बोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि कांकेर जिले की सुक्सी (सूखी मछली) बहुत स्वादिष्ट होती है। यहां के विधायक समय-समय पर सुक्सी का स्वाद चखाते हैं।

### बैठक में पीड़िता...

दिलाने के बजाय मारपीट करने लगी। बैठक में मुझे इंसाफ चाहिए था, परंतु इंसाफ न मिलकर हमारें ऊपर ही महिलाओं ने हमला बोल दिया। महिलाओं ने षडयंत्र रचकर हमारे ऊपर हमला किया है। मुझे डर है कि हमारे साथ किसी भी तरह की कोई भी अनहोनी हो सकती है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जागो नायक, तामेश्वरी चौहान, पुनीता नायक 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### जमीनी विवाद को...

कोई भी घटना घटित होती है, इसके जिम्मेदार यह दोनो होंगे। शिकायत पर चारामा पुलिस ने आरोपी धरमणी मंडावी और धनाराम मंडावी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

### गुलालबोड़ी में ट्रक...

इससे पहले भी चार-पांच बार इसी मार्ग पर ट्रकें अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा चुकी है। इन पेड़ को काटने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग लेता है या वन विभाग, वहीं जान सकते है। इन पेड़ों को समय रहत नहीं हटाया गया तो यह तय है कि इन पेड़ो के कारण इन स्थलों पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और हादसे के जिम्मेदार विभाग के अफसर ही होंगे।

**खबर संक्षेप**



## महिलाओं का किया सम्मान

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में अहिल्या बाई होलकर जनशताब्दी के अवसर पर भाजपा मंडल बकावंड के परेश बेसरा एवं उनके टीम के नेतृत्व में बकावंड स्वास्थ्य केन्द्र में महिला स्टॉफ का श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही आहिल्याबाई होलकर के देश प्रेम एवं उनके कार्य को याद किया गया। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते ने बताया कि इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के स्टाफ नर्स, बीईटीओ, मितानीन, वार्ड आया, सफाई कर्मियों में से दिपिका नेताम, प्रिति, कविराज, प्रितिवाला पाल, युरागिनी साहू, आशिया बानो, श्रीमती पदमनी लाल, कृपामनी, रीता, लक्ष्मी, कृतिजुर्री सम्मानित हुए।

## जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**दंतेवाड़ा।** संयुक्त जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मानसून वर्ष 2025 में प्राकृतिक आपदा (बाढ़ व ओलावृष्टि) से राहत एवं बचाव के लिये जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष में बाढ़,अतिवृष्टि तथा आंधी-तूफान से हुई क्षति की जानकारी एवं तत्काल राहत व्यवस्था कार्य हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी बाढ़ नियंत्रण कक्ष में लगाई गयी है। जिसके अन्तर्गत कर्मचारियों हर्षित गौतम, सन्ना राम कुंजाम, चन्द्र गुप्त, नीलेश्वर कुमार ध्रुव, दाऊ कल्याण सिंह, विक्रम सिन्हा, बसन्त यदु, राम जी नाग तथा अनिल कवासी की रोस्टर अनुसार दायित्व सौंपा गया है। उपरोक्त कर्मचारी उल्लेखित समयावधि में जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के नियंत्रण कक्ष क्रमांक 137 में उपस्थित रहेंगे। और कार्यवधि में दूरभाष से प्राप्त होने वाली जानकारी एवं सूचना तत्काल संबंधित विभाग, संबंधित अधिकारियों को देंगे। कन्ट्रोल रूम में ड्यूटी लगाए गए कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण भी किया जायेगा।

### भैरमगढ़ के मिरतुर एवं उसूर ब्लॉक के हीरापुर में समाधान शिविर का समापन

# आवेदनों के निराकरण के साथ ही हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 28 मई को भैरमगढ़ ब्लॉक के मिरतुर एवं उसूर ब्लॉक के हीरापुर में समाधान शिविर का आयोजन

- सुशासन तिहार को लेकर ग्रामीण अंचलों में दिखा उत्साह

हुआ मिरतुर, अर्न्तगत ग्राम पंचायत पिनकोण्डा, तालनार, मिरतुर, तोयनार, फुलगट्टा, पिटेपाल, मदपाल एवं बेचापाल तथा उसूर ब्लॉक के हीरापुर अर्न्तगत ग्राम पंचायत फुतकेल, तिम्मापुर, पोलमपल्ली, हीरापुर, बासागुड़ा, मलेपल्ली, लिंगागिरी, कोरसागुड़ा के हजारों ग्रामीण उत्साहपूर्वक समाधान शिविर में शामिल होकर अपने आवेदन मांग एवं समस्या के निराकरण जानकारी ली।

शिविर के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, पीएचई, विद्युत, जल संसाधन, पंचायत, उद्यानिकी, मछलीपालन सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों की निराकरण की जानकारी मंच के माध्यम से आवेदनों को दी गई। वहीं विभागीय योजनाओं से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया गया जिसमें प्रधानमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचाल निर्माण, मछलीपालन हेतु, तालाब निर्माण एवं शासन द्वारा प्राप्त सब्सिडी, सामूहिक तारफेंसिंग, उन्नत कृषि, पशुपालन, सुअर, बकरी, मुर्गी, गाय पालन, डेयरी उद्योग, स्व सहायता समूह का निर्माण समूह के माध्यम से ऋण सुविधा आर्थिक गतिविधियां संचालित करने सहित आधार, आयुष्मान, बैंक खाता, जाति, निवास बनवाने, महत्वपूर्ण दस्तावेजों के द्वारा शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक की निःशुल्क उपचार, आधार कार्ड एवं बैंक खाते से पीएम किसान, किसान क्रेडिट कार्ड, महतारी वंदन योजना, विभिन्न पेंशन छात्रवृत्ति, पीएम आवास से राशि प्राप्त करने संबंधी जानकारी देते हुऐ पात्रतानुसार योजनाओं से जुड़कर जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया।

मिरतुर के शिविर में उपस्थित जनपद अध्यक्ष दसरी कोरसा, उपाध्यक्ष मनीता तोली, जनपद सदस्य रामा नायक एवं सरपंच धनीराम कड़ती ने अपने क्षेत्र के ग्रामीणों को शिविर का लाभ लेकर योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।



### कलेक्टर ने किया शिविर का अवलोकन

कलेक्टर संबित मिश्रा ने मिरतुर शिविर अवलोकन कर विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। भवन विहिन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण की स्थिति, संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रो में बिजली, पानी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं कार्यकर्ताओं द्वारा गैस सिलेण्डर की मांग पर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम भैरमगढ़ विकास सर्वे एवं सीईओ जनपद पंचायत पीआर साहू उपस्थित थे।

# एएमएनएस इंडिया का बेटी पढ़ाओ छात्रवृत्ति कार्यक्रम की शुरुआत सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/किरंदुल



आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया कम्पनी ने अपने प्रमुख कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल 'बेटी पढ़ाओ' छात्रवृत्ति कार्यक्रम का दंतेवाड़ा जिले में करते हुए एक सराहनीय पहल की है। सांसद महेश कश्यप के मुख्य आतिथ्य में किरन्दुल बीआईओपी स्कूल में मंगलवार शाम 5 बजे आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से वंचित परिवारों की लड़कियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने और उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को साकार करने का अवसर दिया जा रहा हैं।

'बेटी पढ़ाओ' छात्रवृत्ति कार्यक्रम की शुरुआत मार्च 2023 में की गई थी, और यह अब तक छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों की लगभग एक हजार वंचित युवतियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला चुका है। इस कार्यक्रम के माध्यम से एएमएनएस इंडिया ने यह साबित किया है कि शिक्षा ही सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव हैं। मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाव का नारा दिया है, जो कि आर्सेलर मित्तल द्वारा दक्षिण बस्तर की इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में इस कार्यक्रम के माध्यम से चरितार्थ किया जा रहा है। हमारे देश में कहा जाता है - मातृ देवो भवः अर्थात माता को सर्वोपरि माना जाता है तथा जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरियसी भी कहा जाता है इससे स्वतः सिद्ध होता है कि हमारे देश में नारी की क्या गरिमा है। हमारे संस्कार और संस्कृति में ही मातृशक्ति की आराधना किया जाना रचा बसा है। विशिष्ट अतिथि दंतेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी और किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिँह द्वारा मेधावी छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया गया। एएमएनएस किरंदुल के महाप्रबंधक वाय वी राघवेलु ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि दंतेवाड़ा में इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम का विस्तार कर कंपनी ने यह सिद्ध किया है कि वह शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।जिले की 38 योग्य छात्राओं को कुल 6.29 लाख रुपये की ज़छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जो उनके शैक्षणिक भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। छात्रवृत्ति वितरण समारोह में एएमएनएस सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र तथा छात्राएं,उनके माता-पिता और संबंधित स्कूलों के शिक्षक शामिल हुए।

# नाबार्ड मुख्य महाप्रबंधक ने छात्रावास परियोजना किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) डॉ. ज्ञानेंद्र मणि द्वारा विगत दिवस जिले के छात्रावास परियोजनाओं सहित अन्य आजीविका मूलक गतिविधि स्थलों का निरीक्षण भ्रमण किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ आजीविका को प्रोत्साहित करने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और हाशिए पर रह रहे समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे है।

निरीक्षण भ्रमण के दौरान डॉ. मणि ने मुख्यालय में बकरी और मुर्गी पालन पर केंद्रित किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) का शुभारंभ किया। इस एफपीओ का उद्देश्य स्थानीय किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, बाजार तक पहुंच और संसाधनों की उपलब्धता के माध्यम से उनकी आय और उत्पादकता बढ़ाना है। इस पहल से पशुपालन में सुधार, सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती आने की उम्मीद है।

इसके साथ ही सीजीएम ने नाबार्ड के ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष (आरआईडीएफ) के अंतर्गत मुख्यालय में निर्माणाधीन पोस्ट-मैट्रिक गर्ल्स हॉस्टल परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की। निर्माणाधीन यह छात्रावास छात्राओं को सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है, जिससे वे बिना किसी सामाजिक या भौगोलिक बाधा के उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। डॉ. मणि ने निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए इस परियोजना को गुणवत्ता एवं समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारियों से चर्चा किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नाबार्ड के तत्वाधान में जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की भी समीक्षा करते हुए नाबार्ड की भूमिका को रेखांकित करते हुए कृषि नवाचार तथा बुनियादी ढांचे के विकास के जरिए समावेशी प्रगति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर किसानों, जिला प्रशासन और अन्य स्थानीय हितधारकों ने नाबार्ड के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान सहायक महाप्रबंधक (जिला विकास), संतोष रामटेके, रायपुर स्थित नाबार्ड छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय से सहायक प्रबंधक रेवंत चौधरी भी उपस्थित थे।

# उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के चिन्हाकन के लिए हुआ कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके के मार्गदर्शन में 27 मई को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण ,कार्यशाला का आयोजन पर जिला चिकित्सालय के सभा कक्ष में किया गया था। जिसमें जिले के समस्त ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं मितानिन प्रशिक्षक (मितानिन कार्यक्रम )प्रशिक्षण हेतु उपस्थित थे। प्रशिक्षण, कार्यशाला में अभियान के लिए राज्य स्तर से जारी विभिन्न निर्देशों एवं उच्च जोखिम वाली माताओं हेतु जारी दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु विभिन्न कार्य व दायित्वों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले में पंजीकृत समस्त गर्भवती माताओं को गुणवत्तापूर्ण गर्भवती जाँच सेवाएं प्रदान किए जाने हेतु, एनीमिया वाली माताओं को गंभीर एनीमिया मे जाने से रोकने हेतु, समस्त उच्च जोखिम वाली माताओं की विशेष जांच, उपचार, सोनोग्राफी, उनके प्रसव स्थान का पूर्व निर्धारण, फॉलोअप,के साथ सामान्य गर्भवती के उच्च जोखिम वाली गर्भवती में परिवर्तित होने को रोके जाने, लक्ष्य दंपत्ति स्तर से प्रयास किये जाने, समय पर गर्भवती पंजीयन किये जाने, उच्च जोखिम वाली माताओ का फॉलोअप कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने, के साथ शिशु मृत्यु दर कम करने हेतु एच बी एन सी सेवाएं बढ़ाने, आवश्यक रक्त शर्करा मलेरिया वी डी आर एल, एच आई वी, हेपेटाइटिस, सिकलिंग, मूत्र मे एल्बमिन शर्करा, वजन ऊंचाई, ब्लड प्रेशर इत्यादि परीक्षण, गंभीर एनीमिया के लिए माताओं को नियमित आयरन सुक्रोस हेतु व अन्य बीमारियों हेतु उपचार के फॉलो उप किये जाने, आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना बनाने, माताओ के पोषण स्तर की मॉनिटरिंग हेतु संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

# न्याय पदयात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की न्याय पदयात्रा किरंदुल से होकर मंगलवार को बचेली पहुंची जहां पूर्व मुख्यमंत्री ने भी पदयात्रा किया और भाजपा सरकार के आदिवासी विरोधी नीतियों पर घेरा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कि सरकार ने हमेशा निजीकरण का विरोध किया है और नेहरू जी के समय से ही हज़ारों पब्लिक सेक्टरों की स्थापना की पर भाजपा की सरकार लाभ देने वाली सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो को निजी उद्योग पतियों को बेच रही है और स्थानीय लोगों और आदिवासियों के साथ अन्याय कर रही है इसलिए इस सरकार को चेताने यह पदयात्रा निकाली गई है। चार दिवसीय न्याय यात्रा का आयोजन सोमवार को किरंदुल के गांधी नगर चौक से शुभारंभ किया गया जो 40 किलोमीटर दूरी तय करने के बाद 29 मई को जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में कलेक्टर का घेराव व ज्ञापन सौंपने के बाद समाप्त होगी। इस यात्रा का मकसद बस्तर संभाग में आदिवासियों द्वारा संरक्षित जल-जंगल-जमीन और उनकी संस्कृति को बचाने के लिए जागरूकता फैलाना है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि वे आदिवासियों के सम्मान में सड़कों पर उतरकर उनकी आवाज बुलंद कर रहे है। इस यात्रा में कांग्रेस के स्थानीय सहित कई बड़े नेता शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी का दावा है कि यह अभियान आदिवासी समुदाय के हक में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट को किया रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ शिखर युवा मंच, बिलासपुर द्वारा संचालित एवं एसबीआई फाउंडेशन, मुंबई द्वारा वित्तपोषित एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स (मोबाइल मेडिकल यूनिट - एम एम यू) का शुभारंभ बीजापुर जिले के कलेक्टर कार्यालय प्रांगण से 27 मई को किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट को रवाना किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण एवं एसबीआई संजीवनी टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

एसबीआई संजीवनी बीजापुर टीम में शामिल मुकेश कुमार मानिकपुरी (परियोजना समन्वयक), डॉ. चंद्रशेखर जैसवाल (एम.बी.बी.एस.), सिद्ध मौर्य (फार्मासिस्ट), सुश्री मनोरमा उसेंडी (लैब तकनीशियन), सुश्री जयश्री सेगम (स्टाफ नर्स), सियाराम कुड़यिम (पायलट), कार्यक्रम में कबीरधाम जिले से भी प्रतिनिधित्व रहा, जिसमें डॉ. लखन राजपूत (कबीरधाम एमएमयू) एवं अयोध्या प्रसाद जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जिले के थाने व चौकी क्षेत्रों में पदस्थ जवानों ने सीखा जीवन रक्षक तकनीक

# हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को बाहर कैसे निकाले का दिया प्रशिक्षण

**पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित 70 से अधिक जवानों ने लिया हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आए दिन होने वाले सड़क हादसो के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को बाहर कैसे निकाला जाए। इसका प्रशिक्षण बुधवार को पुलिस लाइन में जवानों को दिया गया। जिले के अलग अलग थाना व चौकी में पदस्थ जवानों व यातायात विभाग के जवानों ने जीवन रक्षक तकनीक सीखा और जाना कि कैसे घायलों की मदद की जाए।

यातायात डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम पुलिस लाइन में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया था। इसमें जिले के सभी थाना चौकी व यातायात बल के 70 जवानों व अधिकारियों को सड़क दुर्घटना की स्थिति में वाहन जब क्षति ग्रस्त हो जाता और उसमें वाहन में सवार व्यक्ति फंसे रहा जाते हैं। ऐसे स्थिति में क्षतिग्रस्त वाहन से फंसे हुए घायल व्यक्ति को बाहर निकाल कर उचित उपचार के लिए अस्पताल ले जाना रहता है। इसी तारतम्य में यातायात अमले को प्राप्त टूल किट कटर से वाहन के क्षति ग्रस्त हिस्से को काट या हटा कर घायल व्यक्ति को वाहन से तत्काल कैसे बाहर सुरक्षित निकाल सकते हैं, संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रैक्टिकल के साथ पुलिस लाइन में रायपुर से आए टीम द्वारा बताया एवं समझाया गया। उक्त प्रशिक्षण में डीएसपी यातायात संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग, प्रधान आरक्षक प्रकाश देवांगन के अलावा थाना व चौकी व यातायात में पदस्थ 70 से अधिक पुलिस कर्मियों ने पूरे आयोजन को ध्यानपूर्वक देखा और समझा।



# जिले में मनाया गया विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा जिले में जिला प्रशासन और यूनिसेफ के संयुक्त प्रयास से आज पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई।

मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम फरसपाल (ब्लॉक गीदम) में संपन्न हुआ, जिसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। जागरूकता कार्यक्रमों में जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए रैलियां संवाद सत्र, वीडियो प्रदर्शन और खुली चर्चा जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में जिला समन्वयक वॉश कार्यक्रम सुरेश कुमार अनंत ने माहवारी से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी, स्वच्छता के महत्व और सामाजिक मिथकों पर चर्चा की। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से जिला सलाहकार सुश्री ममता राणा माहवारी स्वच्छता के व्यवहारिक पहलुओं तथा समुदाय आधारित प्रबंधन के महत्व पर प्रतिभागियों को जागरूक किया। यूनिसेफ द्वारा इस पूरे आयोजन में न केवल सामग्री सहयोग प्रदान किया, बल्कि माहवारी से जुड़े प्रशिक्षण मॉड्यूल, ऑडियो-विजुअल कंटेंट, और स्वच्छता प्रबंधन की दिशा में तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया गया। इस दौरान फरसपाल में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच दीपमाला कर्मा, उपसरपंच, पंचगण, किशोरी बालिकाएं, महिला समूहों की सदस्याएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, ग्रामीण महिलाएं एवं युवोदय वॉलंटियर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### ऑपरेशन से सारांश को मिली रोशनी

**जगदलपुर।** बकावंड ब्लॉक निवासी नीलांबर यादव के पुत्र उम्र 6 वर्षीय सारांश यादव के दाहिनी आंख का ऑपरेशन 25 मई को महारानी अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता थॉमस एवं उनकी टीम द्वारा किया गया, जिन्हें बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। विदित हो कि बचपन से ही सारांश के आंखों में धुंधलापन था जो बढ़ते-बढ़ते पके हुए मोतियाबिंद के रूप में पूरी तरह से दाहिनी आंख को ढक लिया था, जिससे सारांश उस आंख से देखने से असमर्थ था। सिविल सर्जन सह अधीक्षक महारानी अस्पताल डॉ. संजय प्रसाद के नेतृव में नेत्र रोग विभाग की ऑपरेशन टीम में डॉक्टर के अलावा अन्नपूर्णा साहू, कविता पांडे, दिव्या पांडे, स्मिता कच्छ, लक्ष्मी यादव, नमिता मौर्य, गरिमा मरई, जयंत देशमुख, डोलेश्वर जोशी और मंगली बाई का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा दी।

### रोजगार मेला हुआ

**जगदलपुर।** शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं प्रिज्म कॉलेज, भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन 28 मई को महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें सभी पात्र विद्यार्थियों उपस्थिति थी। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि यह रोजगार मेला हमारे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केवल एक शुरुआत है। हम भविष्य में भी इस प्रकार के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से करते रहेंगे।

### महिलाओं का किया सम्मान

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में अहिल्या बाई होलकर जनशताब्दी के अवसर पर भाजपा मंडल बकावंड के परेश बेसरा एवं उनके टीम के नेतृत्व में बकावंड स्वास्थ्य केन्द्र में महिला स्टॉफ का श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही आहिल्याबाई होलकर के देश प्रेम एवं उनके कार्य को याद किया।

राज्यपाल डेका का कांकेर दौरा: योजनाओं की सख्त समीक्षा, मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

# योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग ज्यादा जरूरी : राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ बिहान समूह की महिलाओं के कार्यों की राज्यपाल ने की सराहना



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका कांकेर जिला प्रवास के दौरान जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि योजनाओं का वास्तविक क्रियान्वयन तभी संभव होगा जब उसकी मॉनिटरिंग और फॉलोअप जमीनी स्तर पर हो। राज्यपाल ने इसके लिए प्रत्येक विभाग के अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग तथा मूल्यांकन करने के लिए निर्देशित किया।

राज्यपाल ने समीक्षा बैठक के उपरांत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10 वी एंव 12 वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने बनाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12 वीं में विकासखण्ड कांकेर के शासकीय उमावि कोदागांव के अखिल सेन ने 98.20 प्रतिशत और पखांजूर तहसील के शासकीय विद्यालय उमावि गोण्डाहूर की इशिका बाला ने कक्षा 10 वीं में 99.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य स्तरीय टॉप टेन में स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है। इसके उपरांत राज्यपाल ने जिला पंचायत परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जहां पर कृषि विज्ञान केन्द्र, नियद नेल्लानार, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाकर योजनाओं एवं गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने समूह की महिलाओं से लखपति दीदी बनने के संबंध में जानकारी ली। बिहान समूह की सदस्य भोजेश्वरी गावड़े, निर्मला कुंजाम और कुंती साहू ने बकरीपालन, मुर्गीपालन, मछलीपालन, किराना दुकान तथा अचार उत्पादन के बारे में बताया, जिस पर राज्यपाल ने आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए समूह की महिलाओं को प्रेरित किया।

### राज्यपाल ने लगाया आम का पौधा



जिला प्रवास के दौरान राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम के तहत जिला पंचायत प्रांगण में आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, साथ ही सभी को अपने परिजनों के नाम पर पौधे लगाने की बात कही।

### सेंट्रल लायब्रेरी का राज्यपाल ने किया गया निरीक्षण



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने आज कांकेर जिला प्रवास के दौरान पुराने कचहरी के समीप स्थापित किए गए नवीन सेंट्रल लायब्रेरी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने लायब्रेरी में पहुंचे विद्यार्थियों से चर्चा की तथा उनकी भावी कार्ययोजना के बारे में पूछा साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए किताबों से सदैव मित्रता रखने की नसीहत दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना एवं गर्वनर के परिसहाय (एडीसी) निशांत कुमार, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोपी को रावघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



आरोपी ने मृतक को घर में जबरदस्ती घुसकर आपत्तिजनक स्थिति में मिलने पर आवेश में आकर मृतक पर हमला बोलकर हत्या कर दिया। घटना की खबर पुलिस को मिली। शव का पंचनामा कर पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा, वहीं आरोपी को भी पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

रावघाट पुलिस ने बताया कि 26 मई की रात को ग्राम आतुरबेड़ा निवासी 33 वर्षीय रमेश नुरेटी पिता जानकू नुरेटी शादी के कार्यक्रम में गया था, जहां से रात करीबन 10 बजें वापिस घर आया। घर का दरवाजा खुला होना और घर के अंदर भैंसगांव निवासी 30 वर्षीय गाण्डो राम दुग्गा पिता सुखराम दुग्गा को जबरदस्ती अपने घर में घुसा होना और आपत्तिजनक स्थिति में देखकर आवेश में आकर हत्या करने की उद्देश्य से गाण्डो राम पर घर के सामने रखे पत्थर से सिर में बार-बार मारकर हत्या कर दिया। शिकायत पर थाना रावघाट में अपराध क्रमांक 03/2025 धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी आईके एलिसेला के दिशा-निर्देशन पर एवं एएसपी अंतागढ़ आशीष बंछोर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी व थाना रावघाट टीम गठित कर मामले का जांच कर आरोपी रमेश नुरेटी से पुछताछ कर किया गया। आरोपी ने बताया कि मृतक गाण्डो राम दुग्गा का हत्या पत्थर से हमला कर किया हूं। आरोपी को 27 मई को गिरफ्तार किया गया, जिसे 28 मई को न्यायालय भानुप्रतापपुर पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### योग आयोग अध्यक्ष के प्रथम नगरागमन पर भाजपा पार्षदों ने किया स्वागत

**जगदलपुर।** योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा बुधवार को अपने प्रथम बस्तर प्रवास पर स्थानीय सर्किट हाउस में नगर पालिका निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन के नेतृत्व मे समस्त एमआईसी सदस्य गण व पार्षदगण ने स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष के पद पर शपथ के साथ ही रूपनारायण सिन्हा योग को बढ़ावा देने जुट गए हैं।

## सुशासन तिहार में औचक संवाद के बाद सीएम ने बालोद में ली अफसरों की क्लास



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ कांकेर जिले के अफसर भी बैठक में हुए शामिल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कांकेर की सभा करने के उपरांत बालोद पहुंचे और बालोद में संयुक्त जिला कार्यालय में कांकेर, नारायणपुर और बालोद जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण, स्वच्छता, और जिले में विकास कार्यों की गहन समीक्षा किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राजस्व मामलों, विशेष रूप से सीमांकन कार्य को बारिश से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव सुविधा सुनिश्चित करने और जिला अस्पतालों में डॉक्टरों व स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने पर जोर दिया। जल जीवन मिशन के कार्यों और जल संरक्षण के उपायों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों के लिए शत-प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए अभियान चलाने, फसल चक्र परिवर्तन को बढ़ावा देने, विशेष रूप से मक्का उत्पादन पर ध्यान देने, और खाद-बीज की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

## अवैध प्रवासियों की मुसाफिरी व किरायानामे की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले में अवैध प्रवासियों की जांच करने की मांग को लेकर सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) ने पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सक्षम जिला मंत्री शुभम गुप्ता ने बताया कि पूर्व में सक्षम ने मुसाफिरी जांच व किरायानामे की जांच करने पुलिस विभाग से मांग की थी, लेकिन जैसा कि अभी ज्ञात है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अवैध प्रवासियों की जांच कर उन्हें अपने मुल्क वापस भेजने के लिए 30 दिन की अवधि तय कर सभी राज्यों को आदेश पारित किया है। इसी अभियान के तहत छत्तीसगढ़ सीमा से लगे राज्य ओडिशा द्वारा बहुत बड़ी मुहिम चलाई गई और कई अवैध लोगों को वापस भेजा गया है। इसी समय में प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के कई क्षेत्रों में फिर से कई लोगों के आने की जानकारी मिल रही है। ऐसे में सक्षम ने एक बार फिर मुसाफिरी और किरायानामे की व्यापक स्तर पर जांच करने की मांग की है। ऐसे में एक सप्ताह के अंदर मुसाफिरी व किरायानामे की जांच करने की मांग सक्षम ने करते हुए ये चेतावनी भी दी है कि यदि पुलिस विभाग इस पर पहल नहीं करता है तो सक्षम को इसके लिए अभियान चलाने बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान सक्षम अध्यक्ष कुणाल चालीसगांवकर, संतोष भदौरिया, भवानी प्रसाद सतपथी, डिंपू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## नपाध्यक्ष ने पीजी कालेज के सामने यात्री प्रतीक्षालय का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ पीजी कॉलेज छात्रों और स्थानीय नागरिकों को मिलेगी राहत



पीजी कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं के अलावा उदयनगरवासियों की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने उदय नगर में यात्री प्रतीक्षालय का 28 मई को भूमिपूजन किया। भूमिपूजन करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि उदय नगर के पास पीजी कालेज, हास्पिटल, विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान होने के कारण वार्डवासी व कालेज आने वाले छात्रों व मरीजों को मेन रोड में सभी मौसम में खुले में खड़े होकर यात्री वाहनों का इंतजार करना पड़ता था चाहे बारिश का मौसम हो या गर्मी की चिलचिलाती धुप हो अथवा कड़ाके की ठंड हो। यात्रियों को ऐसे ही खुले आसमान के नीचे वाहनों के इंतजार के लिए खड़ा रहना पड़ता था। इस परेशानी को हल करने के लिए लगातार लोगों के द्वारा यात्री प्रतिक्षालय बनाने की मांग किया जा रहा था। विदित हो कि पहले मेन रोड के किनारे यात्री प्रतिक्षालय बना हुआ था, परंतु रोड चौड़ीकरण के कारण उसे तोड़ दिया गया, जिसे दुबारा नही बनाया गया था। आम लोगों की परेशानी को समझते हुए व संवेदना दिखाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन व नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव की उपस्थिति में यात्री प्रतिक्षालय निर्माण का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के साथ ही जल्द ही निर्माण कार्य पूरा होगा।

इस मौके पर टेकेश्वर जैन, विजय लक्ष्मी कौशिक, दिनेश रजक, पार्षद वीरू साहू, डॉ ईश्वर सिन्हा, गोसाई, मोंटी खटवानी सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे।

## रेल बोगी में हुआ कविता पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जैपुर से जगदलपुर, जगदलपुर से जैपुर तक कविता पाठ करते हुए इस सफर का एक पड़ाव उत्कल भवन में आयोजित गया था। हीराकुंड रेल बोगी में कविता पाठ करते हुए 37 ओड़िया कवि और मीडिया के साथियों का स्वागत किया जगदलपुर के उत्कल वासियों ने अपने समाज भवन में। इस अवसर पर ओड़िया कवियों के साथ अपनी हिंदी की कविताएं साझा करने वाले कवि थे,मदन आचार्य, विपिन बिहारी दास,सुषमा झा और राजेश दास। उत्कल भवन सभागार में मंच पर आसिन थे मुख्य अतिथि डॉक्टर पीयूष रंजन साहू जिन्होंने अपने वक्तव्य में बस्तर कोरापुट के बीच ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए कहा कि दंडकारण्य महाकांतार युग से आगे तक बस्तर कोरापुट अविभाजित क्षेत्र रहा है इसलिए उड़िया साहित्य संस्कृति भाषा का प्रभाव बस्तर में विस्तारित है। इस अवसर उत्कल समाज के सदस्यों के साथ अध्यक्ष राजेश दास, मनोज महापात्र, रमेश नंद पूर्व पदाधिकारी सुरेश दास ,विजय बेबर्ता आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता और कार्यक्रम संयोजिका उर्मिला आचार्य ने ओड़िया की प्रसिद्ध साहित्यकार उत्कल भारती कुंतल कुमारी सावत की जन्म भूमि जगदलपुर के बारे में और उनकी कविता शेफाली के प्रति का पाठ किया। सभापति जैपुर साहित्य परिषद के हरिहर करसुधा पटनायक ने बस्तर में निवासरत प्रवासी ओड़िआ भाषियों की सराहना करते रहे।जैपुर से मधुसूदन मिश्र और उत्कल समाज के वरिष्ठ सदस्य विपिन बिहारी दास भी मंच पर उपस्थित थे। उड़ीसा से आये कवि लेखकों के बीच विजय लक्ष्मी पाणिग्रही की काहाणी मुंडी का लोकार्पण हुआ।

## दलपत सागर पर अवैध कब्जा प्रशासन की भूमिका संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दलपत सागर, एक ऐतिहासिक और पर्यावरणीय महत्व का स्थल, आज अवैध कब्ज़े के खतरे में है। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दलपत सागर पर कब्ज़ा करने और उसे भरने का काम किया जा रहा है, जिससे इस स्थल का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह काम सरकार व प्रशासन के नाक के नीचे चल रहा है और सब मौन है प्रशासन की भूमिका भी संदिग्ध है। लोगों का सवाल है कि क्या प्रशासन को इसकी जानकारी है, और यदि हां, तो अब तक क्या कार्रवाई की गई है? विजय वार्ड के कांग्रेस पार्षद गौतम पाणिग्राही ने चेतावनी देते कहा कि यदि प्रशासन ने इस अवैध कब्ज़े को रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई नहीं की, एक बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हमें दलपत सागर को बचाने के लिए एकजुट होना होगा और इसके लिए संघर्ष करना होगा। पार्षद पाणिग्राही एवं स्थानीय वार्ड के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि वे तुरंत कार्रवाई करें और दलपत सागर को अवैध कब्ज़े से मुक्त कराएं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं होता है, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। पार्षद ने दलपत सागर का महत्व को साझा करते कहा दलपत सागर का महत्व न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि यह पर्यावरण और स्थानीय समुदाय के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, यह स्थल स्थानीय लोगों के लिए आजीविका का भी स्रोत है।

## शिक्षकों के साझा मंच ने कहा, राज्य सरकार को मोदी की गारंटी पर भरोसा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




राज्य सरकार द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग में विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण और नये सेटअप लागु करने के विरोध में प्रदेश भर के शिक्षक संगठनों ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए राजधानी रायपुर में हल्ला बोला तथा इसके विरोध में प्रदेश सहित बस्तर जिले के सभी सातों विकास खंडो से सैकड़ों शिक्षकों ने प्रदर्शन में शामिल होकर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया।

मांगे नहीं मानने पर शाला प्रवेश उत्सव का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाने की चेतावनी दी है। इस दौरान शिक्षक नेताओं ने कहा कि प्रदेशभर के शासकीय शाला को विसंगति युक्त युक्तियुक्तकरण के तहत सुनियोजित ढंग से निजीकरण की ओर ले जा रही है। शासन द्वारा योजनाबद्ध तरिके से साढ़े दस हजार से अधिक स्कूलों को बंद कर व करीब 44 हजार सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता और प्रधान अध्यापक के पदों को खत्म कर रही है। शासन सरकारी स्कूलों को बंद करके निजी स्कूलों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। इसका सीधा असर गरीब परिवार के बच्चों पर पढ़ेगा, जो कि शिक्षा से विमुख हो जायेंगे। शिक्षक नेताओं में कहा कि हमारा विरोध मूलरूप से युक्तियुक्तकरण का नहीं है, बल्कि नये सेटअप का है। इसके तहत स्कूलों में शिक्षकों कि संख्या को कम कर दीं गई है। स्कूलो ने शिक्षक चौकीदारी के लिये नहीं अपितु अध्यापन के लिये नियुक्त कीजिये। शासन से पूछा कि सरकार बताये कि एक सहायक शिक्षक और एक प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला के पाँच कक्षा और 18 पीरियड को किस प्रकार से पढ़ाएंगे?

# योग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष का चारामा में भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

■ नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने योग और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार की अपील की



छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का बस्तर प्रवेश द्वार में स्थित चारामा नगर में प्रथम आगमन पर भाजपाईयों ने स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गायत्री परिवार, व्यापारी संघ, विभिन्न स्थानों से आए हुए योगाचार्यों एवं नगर पंचायत एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों ने बैंड बाजे एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष को विश्राम गृह के मुख्य द्वार पर मंडल एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा पुष्पहार से स्वागत कर भारत माता की जय के जयकारों के साथ प्रवेश कराया गया, जहां पर उन्होंने उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं विभिन्न समूहों से आए नागरिकों का परिचय पूछा एवं उनके कार्यों की जानकारी लिया। तत्पश्चात आनुषंगिक संगठनों से आए पदाधिकारियों एवं डड़सेना कलार समाज के प्रतिनिधियों से संक्षिप्त मुलाकात किया। उन्होंने योग और आयुर्वेद के विषय में व्यापक जानकारी साझा की एवं निरोगी काया के लिए योग को अपनाने और जन - जन तक प्रसारित करने का संदेश दिया। 21 जून विश्व योग दिवस के कार्यक्रमों में सहभागिता बढ़ाने का आव्हान किया।

इस अवसर नंदकुमार ओझा, उमादेवी शर्मा, जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, विजय मंडावी, जयतु राम नायर, गजेंद्र नाग, अंकित जैन, प्यारे लाल देवांगन, सत्येन गुप्ता, दीपक सोनकर, हेम मंडावी, संतोषी सिन्हा, रवि सिन्हा, संतोष नाहर, पुरुषोत्तम गजेंद्र, सोनसाय साहू, चंद्रशेखर सोनकले, संजय नेवला, गुलज़ार विश्वकर्मा, विजयेंद्र सिन्हा, रूपेश देवांगन, संदीप मेश्राम, रजनी यादव, जगदीश्वर साहू, उत्तम साहू, लोकेश सोनकर पार्षद, जागेश्वर सिन्हा, सत्कार पटेल, वाय के साहू, संतोष ओझा, ललित साहू, दीपांकर सिन्हा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411